प्राचार्य का कार्यालय

श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

विदित हो कि प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा समीक्षात्मक बैठक के कम में दिए गए निदेश के आलोक में HR सुदृढिकरण के मद्वेनजर इस चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यरत सभी तृतीय एवं चतुर्थवर्ग कर्मचारियों (वाह्य स्रोत पर कार्यरत सभी कर्मचारी/केन्द्र एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी सहित) के Work Performance, व्यवहार कुशलता/आचार – विचार एवं अन्य बिन्दुओं पर Monitoring के दृष्टिकोण से प्राचार्य की अध्यक्षता में एक HR Monitoring Cell कमिटी का गठन किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी पदेन सदस्य के रूप में नामित किए जाते हैं :–

1) प्रभारी प्राध्यापक (प्रशासन) – पदेन सदस्य
2) नोडल पदाधिकारी (MCI/Biometric) – पदेन सदस्य
3) बरसर – पदेन सदस्य

उपरोक्त पदाधिकारी इस महाविद्यालय में कार्यरत उल्लेखित सभी कर्मचारियों (प्राचार्य कार्यालय सहित) का Work Performance, व्यवहार कुशलता/आचार – विचार एवं अन्य बिन्दुओं पर Monitoring कर प्रत्येक माह संबंधित प्रतिवेदन गोपनीय ढंग से अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेंगे । इसी प्रतिवेदन के आधार पर प्रत्येक माह एक समीक्षात्मक बैठक आहुत कर संबंधित पदाधिकारियों के अवलोकनोपरान्त लिए गए निर्णय के आलोक में संबंधित कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि/संविदा अवधि विस्तार/अन्य लाभ देय होगा ।

उपरोक्त कमिटी में आवश्यक सूचना/जानकारी/डाटा उपलब्ध कराने के उद्येश्यार्थ निम्नलिखित कर्मचारियों को नामित किया जाता है, जो उक्त कमिटी के कार्यो में अपना सहयोग प्रदान करेंगे :–

1) श्री अलख कुमार शाही, हॉटीकल्चर सुपरवाईजर
2) श्री नवीन कुमार, टंकक
3) श्री भुवनेश्वर सहनी, लिपिक

श्री उपेन्द्र कुमार निराला, डाटा ईन्ट्री ऑपरेटर, IDSP, माइक्रोबायोलौजी विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया जाता है कि उक्त कमिटी को अन्य अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1153/18 दिनांकः– 28-04-18

प्रतिलिपिः–1) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

2) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3) उक्त कमिटी में नामित सभी पदाधिकारी/कर्मचारी, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4) Estate Officer/संबंधित विभागाध्यक्ष/पुस्तकालय सचिव/ओ0एस0डी0/सभी वार्डेन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

5) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

28/4/18

प्राचार्य

श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर